कृपया पृष्ठ—34—43/प0 का अवलोकन करना चाहेंगे।

कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पश्चिम अन्तर्गत—वर्ष 2020 में शीर्ष PMGSY अन्तर्गत— Package No:- BR-23R-10 में एक पथ Daudpur to Bhojpatti एवं Package No:- BR-23R-233 में Khusreda to Rasulpur पथ में पूर्ण पुनर्स्थापन कार्य कराये जाने के विरूद्ध संवेदक Anoj Kumar द्वारा दोनों पथों को MIS पर Upload करते हुए भुगतान हेतु विभागीय अपर मुख्य सचिव को अभ्यावेदन दिया गया।

विभागीय अपर मुख्य सचिव के वृतादेश के आलोक में अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव के पत्रांक—2581(अनु0), दिनांक—02.08.2024 द्वारा इन पथों का Data MIS पर अपलोड नहीं किये जाने के संबंध में तदेन कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पश्चिम से स्पष्ट प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पश्चिम को निदेशित किया गया।

उक्त के अनुपालन में कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पश्चिम ने अपने पत्रांक—1331(अनु0), दिनांक—07.09.2024 द्वारा तदेन कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पश्चिम के पत्रांक—780(अनु0), दिनांक—16.08.2024 से प्राप्त प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है (पृ0 सं0—42/प0)।

उपलब्ध कराये गये प्रतिवेदन के अनुसार संबंधित पथ अतिवृष्टि/बाढ़ के कारण जलप्लावित नहीं हुआ था जिसके कारण संबंधित कनीय अभियंता/सहायक अभियंता द्वारा इस पथ के क्षतिग्रस्त होने का प्रतिवेदन समर्पित नहीं किया गया था, परंतु पथ के दोनों तरफ बाढ़/अतिवृष्टि का पानी लबालब भरा हुआ था जिसके कारण अतिवृष्टि एवं क्षमता से अधिक भारी वाहनों के पथ में आवागमन के कारण पथ का Surface क्षतिग्रस्त हो गया। तत्पश्चात संवेदक को पूर्ण पुनर्स्थापन कार्य के लिये निदेश दिया गया, परन्तु निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत पथों की प्रविष्टि MIS पर अपलोड नहीं की जा सकी।

कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पश्चिम के प्रतिवेदन के आलोक में वर्णित दोनों पथों Daudpur to Bhojpatti एवं Khusreda to Rasulpur को विभागीय MIS पर अपलोड करने एवं प्राक्कलन की स्वीकृति प्रदान करने पर सक्षम प्रधिकार का अनुमोदन प्राप्त किया जा सकता है।

Rashmi 03/10/2024

(रश्मि किरण)
सहायक अभियंता

नोडल पदाधिकारी, FDR

सहायक अभियंता की उपर्युक्त टिप्पणी एवं प्रस्ताव का अवलोकन करना चाहेंगे।

मुख्य अभियंता
(निर्माण एवं गुणवत्ता नियंत्रण)
ग्रामीण कार्य विभाग

Scanned with OKEN Scanner

कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पश्चिम अन्तर्गत–वर्ष 2020 में शीर्ष PMGSY अन्तर्गत– Package No:- BR-23R-10 में एक पथ Daudpur to Bhojpatti एवं Package No:- BR-23R-233 में Khusreda to Rasulpur पथ में पूर्ण पुनर्स्थापन कार्य कराये जाने के विरूद्ध संवेदक Anoj Kumar द्वारा दोनों पथों को MIS पर Upload करते हुए भुगतान हेतु विभागीय अपर मुख्य सचिव को अभ्यावेदन दिया गया।

कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पश्चिम द्वारा उपलब्ध कराये गये तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पश्चिम के प्रतिवेदन के आलोक में वर्णित दोनों पथों Daudpur to Bhojpatti एवं Khusreda to Rasulpur को विभागीय MIS पर अपलोड करने एवं प्राक्कलन की स्वीकृति प्रदान करने पर सक्षम प्रधिकार का अनुमोदन प्राप्त किया जा सकता है।

03/10/2024
(रत्नेश सिंह)

वरीय नोडल पदाधिकारी, FDR

कृपया सहायक अभियंता एवं नोडल पदाधिकारी की टिप्पणी एवं प्रस्ताव का अवलोकन करना चाहेंगें।

वर्णित दोनों पथ Daudpur to Bhojpatti एवं Khusreda to Rasulpur को विभागीय MIS पर अपलोड करने एवं प्राक्कलन की स्वीकृति प्रदान करने पर सक्षम प्रधिकार का अनुमोदन प्राप्त किया जा सकता है।

I. Kumar
3/10/24
(इन्द्रजीत कुमार)

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

[illegible]

03/10/24
भगवत राम

अपर मुख्य सचिव

3/10
दीपक कुमार सिंह

03/10/24
N.O. FDR

मुख्य अभियंता
(अनुरक्षण एवं उन्नयन)
ग्रामीण कार्य विभाग

Scanned with OKEN Scanner